सार-समाचार

आसोलिया का अभिनंदन

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर एकीकृत के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्राध्यापक गोपाल सिंह आसोलिया द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बंबोरा, सुवेरी पीएम श्री फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय उदयपुर में पिछले 8 वर्षों के दौरान लगातार शत प्रतिशत बोर्ड परीक्षा परिणाम एवं की गई उल्लेखनीय सेवाओं के लिए समस्त विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। वहीं दूसरी ओर एकीकृत प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज शर्मा एकीकृत मार्गदर्शक शांतिलाल चौबीसा एकीकृत प्रदेश उपाध्यक्ष भारत भूषण जोशी जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राव एवं जिला मंत्री सुबोध कुमार जैन संगठन मंत्री कमलेश सुथार आदि द्वारा ने इस वर्ष का भी लगातार 12 वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहने पर सम्मान किया गया। इससे कुछ दिनों पूर्व ही राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्राध्यापक राव गोपाल सिंह आसोलिया का संस्था प्रधान सहित समस्त विद्यालय परिवार की ओर से पिछले 7 वर्षों के गुणात्मक दृष्टि से शत-प्रतिशत एवं उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम एवं उनके द्वारा विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में एमसीएमसी मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी प्रकोष्ठ में उल्लेखनीय सेवाएं जिला प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग के बीच मुख्यमंत्री हेल्पलाइन समन्वय अधिकारी के रूप में ,चारों पुलिस थानों चेक पोस्ट प्रभारी अधिकारी के रूप में, बाहर जाने वाले व्यक्तियों के लिए पास जारी करने के लिए समन्वय अधिकारी के रूप में तथा एयरपोर्ट पर प्रभारी अधिकारी सामान्य व्यवस्था एवं कार्मिक के रूप में, विधानसभा नियंत्रण कक्ष राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उल्लेखनीय सेवाओं आदि उल्लेखनीय सेवा शिक्षा विभाग एवं अन्य सामाजिक कार्य मे 9 करोड की पेयजल योजना की वित्तीय स्वीकृति जारी करवाने एवं 70 लाख रुपए से भी अधिक की सडक, नालियों के निर्माण की स्वीकृति जारी कराने में दिए गए उल्लेखनीय कार्य हेतु कार्य हेतु अभिनंदन एवं स्वागत किया।

सात परीक्षाओं के परिणाम घोषित

उदयपुर, (कासं)। मोहन लाल सुखाडिया द्वारा गुरूवार को 7 परीक्षाओ के परीक्षा परिणाम परीक्षा नियंत्रक डॉ. आर. सी. कुमावत द्वारा घोषित कराये गए। परीक्षा नियंत्रक डॉ कुमावत ने बताया कि जारी किए। परीक्षा परिणामों के अन्तर्गत एम.ए. दर्शनशास्त्र तृतीय सेमेस्टर, एम.ए. समाजशास्त्र तृतीय सेमेस्टर, एम.ए. राजस्थानी तृतीय सेमेस्टर, एम.ए. हिंदी तृतीय सेमेस्टर, एमकॉम बीबीई प्रथम सेमेस्टर, एम.ए. संस्कृत प्रथम सेमेस्टर, एम.ए. हिंदी प्रथम सेमेस्टर के परिणाम घोषित किए गए हैं। घोषित परिणाम की विस्तृत जानकारी विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सुनीता मिश्रा ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान की और उनकी उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की है। साथ ही उन्होंने बताया की विवि के अन्य मुख्य परिणाम भी आगामी सप्ताह में घोषित कर दिए जायेंगें। डॉ. कुमावत ने बताया कि बीए, बीएससी तथा बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 8 जुलाई है अत: सम्बंधित सभी छात्र अपने परीक्षा फॉर्म नियत तिथि में भरना सुनिश्चित करावेंद्य साथ ही जिन महाविद्यालयों द्वारा प्रथम सेमेस्टर के आंतरिक मुल्यांकन का इंद्राज अभी तक भी विवि पोर्टल पर नहीं किया वे जल्द से जल्द दिनांक 6 जुलाई तक यह कार्य सम्पन्न करना सुनिश्चित करावें।

वाहन चोर गिरफ्तार, सात वाहन बरामद

उदयपुर, (कासं)। संभाग के सबसे बडे एमबी हॉस्पिटल परिसर से वाहन चोरी करने वाले बदमाश को हाथीपोल थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी न सिर्फ एमबी हॉस्पिटल बल्कि गिरोह के अन्य साथियों के साथ शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बाइक चोरी कर चुका था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर 5 बाइक और दो स्कूटी बरामद किए हैं। थानाधिकारी आदर्श कुमार ने बताया कि कपासन चित्तौडगढ हाल बोहर वाडी देहली गेट उदयपुर निवासी पिंटू उर्फ रतन सिंह पुत्र भंवर सिंह राणावत को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर चोरी हुई पांच बाइक और दो स्कूटी बरामद की हैं। आरोपी ने यह वाहन एमबी हॉस्पिटल सहित सुखेर,भूपालपुरा, प्रतापनगर व सुरजपोल थाना क्षेत्र के भीडभाड वाले इलाकों से चोरी किए थे। आरोपी पिंटू के अन्य साथी महेन्द्र सिंह, ललित उर्फ शोभा लाल व इंसाफ अली की तलाश की जा रही है।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि वह एमबी हॉस्पिटल से ज्यादातर रात के समय घूमकर बाइक चोरी करता है। 2 जून की रात को भी उसने रात को 10 बजे के बाद बाइक चोरी की थी। हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के परिजन ज्यादातर रात को 10 बजे के बाद कैंपस में ही सो जाते हैं और दोबारा वाहन के पास सुबह ही आते हैं।

पानी बचाने का दिया संदेश

उदयपुर, (कासं)। शिक्षा विभाग के निर्देशों की पालना में गिर्वा ब्लॉक के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बोरीकुआ (अमरपुरा) में जुलाई के प्रथम सप्ताह में प्रवेशोत्सव व ग्रीष्मकालीन शिविर में आयोजित की जाने वाली गतिविधियां आयोजित हुई। संस्था प्रधान मेगी मइदास के अनुसार साप्ताहिक गतिविधियों के तहत गुरुवार को विद्यार्थियों ने रैली निकाल कर बच्चों को स्कूल से जोड़ने व पानी बचाने का संदेश दिया गया। रैली विद्यालय से रवाना होकर गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुन: विद्यालय पहुंची जहां पर शिक्षिका भूमिका चौबीसा ने बताया कि जल ही जीवन है, बिना जल कुछ भी नहीं, वर्तमान में बढ़ती जनसंख्या एवं जल प्रदूषण के कारण पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है, वर्षा जल संचय की विभिन्न विधियों एवं जल संरक्षण के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता को समझना आवश्यक है। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिका चित्रा व्यास, प्रियंका शक्तावत, पुष्पा जैन, विमला मीणा, संजना मीणा व हरिशंकर मीणा ने भी विचार व्यक्त किए।

शराब के साथ स्कूटी जब्त

उदयपुर, (कासं)। गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने स्कूटी सवार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध शराब मय स्कूटी जब्त की। इस मामले में विधी से संघर्षरत बाल अपचारी को डिटेन किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा के सुपरविजन में गोवर्धन विलस थानाधिकारी भवानीसिंह राजावत के नेतृत्व में गठित दल ने सूचना के आधार पर बलीचा बाईपास पर नाकाबंदी करते हुए स्कूटी को रोक सवार युवक का नाम पूछा तो उसने दिव्यांशु उर्फ नानू डामोर निवासी निचला खेरवाड़ा हाल दक्षिण विस्तार गोवर्धन विलास बताया तथा पीछे बैठे विधी से संघर्षरत बाल अपचारी को डिटेन किया। तलाशी में कब्जे से एक 144 क्वार्टर जब्त किया।

शिक्षकों का शिक्षक संयुक्त निदेशक कार्यालय पर प्रदर्शन

उदयपुर, (कासं)। गुरुवार को शिक्षकों के जंगी प्रदर्शन के बाद अधिकारियों को मौके पर बुलाकर संयुक्त निदेशक को हाथो हाथ समस्याओं का निस्तारण कराना पड़ा।

शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर 7 दिन पूर्व में दिए गए अल्टीमेटम के बाद समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान के नेतृत्व में गुरुवार को सैकडो शिक्षक संयुक्त निदेशक कार्यालय के बाहर पहुंचे और उसके बाद शिक्षको ने जमकर नारेबाजी करते हुए कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ कर संयुक्त निदेशक से दोनो जिला शिक्षा अधिकारी को पर मौके पर बुलाने की मांग पर अड गए। उसके बाद संयुक्त निदेशक से दोनों जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक व माध्यमिक को धरना स्थल पर बुलाने की मांग की गई इसके बाद प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी एवं माध्यमिक उप जिला शिक्षा अधिकारी मुरली चौबीसा धरना स्थल पर पहुंचे उसके बाद चौहान ने उनको विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया जिसमें प्रमुख रूप से 9 माह पूर्व टीएसपी से नॉन टीएसपी 503 शिक्षकों की जो काउंसलिंग हुई थी उसकी ऑन ड्यूटी हाथों हाथ आज मौके पर ही जारी की गई साथ में रिलीवर के आने के बाद शेष रहे नॉन टीएसपी के कार्मिकों की काउंसलिंग।

> ■ 9 माह पूर्व टीएसपी से नॉन टीएसपी 503 शिक्षकों की जो काउंसलिंग हुई थी उसकी ऑन ड्यूटी हाथों हाथ आज मौके पर जारी की

जुलाई के दूसरे सप्ताह में करने का आश्वासन दिया गया। उसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक वीरेंद्र यादव से प्रारंभिक शिक्षा के शिक्षकों की समस्याओं के बारे में अवगत कराया जिसमें प्रमुख रूप से 2013 में लगे शिक्षकों के नोशनल लाभ का समाधान करने की बात की गई प्रति उत्तर में वीरेंद्र यादव ने शिक्षा निदेशक प्रारंभिक बिकानेर से मार्गदर्शन मांग उक्त समस्या का समाधान कर दिया जाएगाए 2021 की भर्ती के जितने भी शिक्षक स्थाईकरण से वंचित है है उनकी स्थाईकरण का आवेदन मिलेंते ही 100०-10०की संख्या में जिला परिषद को प्रेषित कर दिए जाएंगे इसके अलावा निर्देशक से शेष रहे नॉन टीएसपी के कार्मिक जिनके अभी तक रिलीवर नहीं आए हैं तथा जो कार्मिक ऑफ लाईन काम कर रहे है जो एसीपी का ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पा रहे हैं उनका मार्गदर्शन मांग समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। चौहान ने उक्त सभी आश्वासन से लगभग 6 बजे धरना समाप्त करने की घोषणा की गई। धरने में नवीन व्यास,सतीश जैन कमलेश शर्मा,प्रेम बैरवा, गिरिराज सिंह बरवाडा, ईश्वर सिंह राठौड,विजेंद्र चौधरी, हितेश,प्रेम सिंह भाटी,अरविंद डामोर, लोकेश डामोर,पवन खटीक, लीला प्रजापत रामावतार गुर्जर, कल्पना चौधरी, सरोज महेरिया, चंद्रकांता,उदय सिंह गुर्जर,संजय बोला, उमेश यादव आदि उपस्थित थे।

शिक्षक संयुक्त निदेशक कार्यालय प्रदर्शन करते शिक्षकगण।

हिन्दुस्तान जिंक की सीएसआर परियोजनाएं सराहनीय : संधु

हिन्दुस्तान जिंक की सीएसआर परियोजनाएं में उपस्थित जसमीत सिंह संधु व अन्य।

उदयपुर, (कासं)। हिन्दुस्तान जिंक द्वारा सीएसआर के तहत किये जा रहे कार्य और परियोजनाएं ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है, कंपनी की महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण खिलाडियों को अवसर देने परियोजनाएं सराहनीय है। यह बात संलुबर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु ने गुरूवार को जावर माइंस में दौरे के दौरान कही।

उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों से कहा कि वें सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकते हैं जिनमें से एक है जन भागीदारी योजना जिसके अंतर्गत कुछ हिस्सा राशि सरकार का योगदान कुछ समुदाय का योगदान करती है। स्वयं कार्य की जिम्मेदारी लें एवं ऐसी और छोटी छोटी योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं। उन्होंने प्लास्टिक वेस्ट मुक्त जावर अभियान की प्रशंसा की। जिला कलेक्टर को हिन्दुस्तान जिंक द्वारा संचालित सीएसआर परियोजनाओं का प्रेजेंटेशन दिया गया। हिंदुस्तान जिंक की सखी महिलाओं के आत्मविश्वास को सराहते हुए महिलाओं से प्लास्टिक वेस्ट मुक्त जावर में सहयोग देने का आव्हान किया। उन्होने महिलाओं को परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति में योगदान पर बल दिया। जिला कलेक्टर ने महादेव की नाल और रामनगर राजकीय विद्यालयों का अवलोकन कर वृक्षारोपण किया। उन्होंने हिन्दुस्तान जिंक द्वारा संचालित विश्व स्तरीय जिंक फुटबॉल अकादमी का दौरा और खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों से भी बातचीत की एवं फुटबॉल में अकादमी के सहयोग की प्रशंसा की। इस अवसर पर आईबीयू-सीईओ, जावर ग्रुप ऑफ माइंस राम मुरारी, हेड एक्सटर्नल लाइजन अभिमन्यु राणावत, सीएसआर लीड, नेहा दीवान, चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर, विजय पारीक एवं एडमिन हेड गजानंद गुप्ता उपस्थित थे।

यूथ कांग्रेस का नीट पेपर लीक को लेकर प्रदर्शन

उदयपुर, (कासं)। नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) में गडबडी के खिलाफ गुरुवार को राजस्थान में रेल रोको आंदोलन को लेकर उदयपुर में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया। सिटी रेलवे स्टेशन के अंदर जाने को लेकर आक्रोशित कार्यकर्ताओं को रोकने के दौरान हल्की धक्का-मुक्की हो गई।

उदयपुर के सिटी रेलवे स्टेशन के बाहर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान बडी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे लेकिन पुलिस ने अंदर जाने से रोक दिया। कार्यकर्ता अंदर जाकर हरिद्वार जाने वाली रेल को रोकना चाहते थे,लेकिन पुलिस ने मुख्य गेट के वहां पर भारी संख्या में जाब्ता लगा दिया।इस दौरान शहर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष फतहसिंह राठौड भी साथ थे। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और कहा कि पर्ची सरकार नहीं चलेगी। इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने अंदर घुसने की कोशिश की तो पुलिस ने वहां पर उनको पीछे धकेल दिया लेकिन वे नहीं माने। इस बीच धक्का मुक्की हो गई तो कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रेलवे स्टेशन के अंदर नहीं जाने दिया। बाद में नीट पेपर लीक को लेकर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए पुलिस को गिरफ्तारियां दी। पुलिस के अनुसार करीब 30 कार्यकर्ताओ को गिरफ्तार किया।

वर्कशॉप आयोजित

उदयपुर, (कासं)। भारतीय साक्ष्य अधिनियम की वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

वक्ता के रूप में राहुल चौधरी, भारत भूषण पाठक, मनीष कुमार जोशी ने कानून के बारे में संक्षिप्त रुप में जानकारी प्रदान की। नए कानून में समानता व क्या बदलाव आए उसके बारे में जानकारी दी।

नकदी लूट मामले में हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने तलवार दिखा कर दुकानदार से शराब व नकदी लूट मामले में हिस्ट्रीशिटर को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 25 जून को पीडित हितेश सालवी पुत्र उदयलाल सालवी निवासी कस्वा गोवर्धन विलास ने रिपोर्ट दी कि 23 जून को राजूनाथ उर्फ राजु लोला नामक बदमश सेक्टर 14 चुंगी नाका स्थित मेरी दुकान पर आया व सेल्समेन को तलवार दिखा कर नकदी व शराब ले गया। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गजेन्द्र सिंह राव के सुपरविजन में गोवर्धन विलास थानाधिकारी भवानीसिंह राजावत मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर हिस्ट्रीशीटर राजूनाथ उर्फ राजू लोला पुत्र रामू नाथ कालबेलिया निवासी इन्द्रा कॉलोनी कच्ची बस्ती गोवर्धनविलास को गिरफ्तार किया।

सार-समाचार

सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम शुरू

उदयपुर, (कासं)।राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पर्यावरण के प्रति नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए मानसून सत्र के आरंभ में सघन वृक्षारोपण किया गया। प्राचार्य प्रो दीपक माहेश्वरी ने बताया कि इस कार्यक्रम के प्रथम चरण में वृक्षों की सुरक्षा, रख रखाव एवं उनके संवर्धन की पर्याप्त व्यवस्था की सुनिश्चितता करते हुए ऐसे स्थानों पर वृक्षारोपण किया जा रहा है, जहां पौधे निर्विघ्न रूप से बढ़कर वृक्ष का रूप धारण कर सके। इसी उद्देश्य से मावली तहसील की ग्राम पंचायत सांगवा के गंदोली स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ सुनीता आर्य ने बताया कि महाविद्यालय की स्वयं सेविकाओं ने गन्दोली विद्यालय में जाकर वहां के शैक्षणिक स्टाफ के साथ मिलकर 65 से अधिक आम, जामुन, आंवला आदि फलदार वृक्ष लगाएं और गांव में स्थानीय नागरिकों को भी पौधे वितरित किए। प्रथम चरण में 80 से अधिक पेड़ लगाए गये। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनीता आर्य, वृक्षारोपण प्रभारी शारीरिक शिक्षक गोपाल मेहता मेनारिया, अध्यापिका सुमन जोशी, उर्मिला टेलर, कविता बगड़िया, रजनी जैन, सरिता, उमा खान सहित विद्यालय के कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने भागीदारी निभाई।

छात्र नेता बैठे भूख हड़ताल पर

उदयपुर, (कासं)। सुखाडिया विवि के आर्ट्स कॉलेज की विभिन्न मांगों को लेकर छात्र नेता समीर मेघवाल सुविवि के प्रशासनिक भवन के बाहर गुरुवार को भूख हडताल पर बैठे हैं। हडताल पर बैठे छात्रों की प्रमुख मांगो में आर्ट्स कॉलेज की लाइब्रेरी का समय छात्रों के पढने के लिए बढाया जाए। विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों में पढ रहे छात्रों की प्रवेश शुल्क को कम किया जाए। नई शिक्षा नीति के तहत आर्ट्स कॉलेज की पुस्तकालय में नवीन पुस्तकों की व्यवस्था जल्द से जल्द सुनिश्चित की जाए। यह सभी मांगे छात्रों की मूलभूत आवश्यकताओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इन सभी मांगो को लेकर छात्र नेता समीर मेघवाल विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के बाहर अनिश्चितकाल के लिए भूख हडताल पर बैठे हैं।

नेत्र चिकित्सा शिविर 6 को

उदयपुर, (कासं)। राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिन्धी बाजार में शनिवार सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन कर रहा है। वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. शोभालाल औदिच्य ने बताया कि मौसम के बदलाव के साथ आँखों में एलर्जिक खुजली पानी गिरना एवं आँखों की सामान्य समस्याओं के लिए विशेष नेत्राभिष्यंद शिविर आयोजित किया जा रहा है। डॉ. औदिच्य ने बताया कि शिविर में आने वाले रोगियों का आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से उपचार किया जाएगा जो पूरी तरह से प्राकृतिक और बिना किसी साइड इफेक्ट्स के होता है। वहीं नेत्राभिष्यंद रोग के लिए विशेष आयुर्वेदिक चिकित्सा की जाएगी और आयुर्वेदिक दवाओं का वितरण निशुल्क होगा।

धोखाधड़ी का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। सुखेर थाना पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ धोखे से नकदी हड़पने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार पीडित शिला यादव पत्नी दमन निवासी महावीर नगर न्यू भुपालपुरा ने आरोपी सोमेश पुत्र रमेशचंद्र साहू निवासी शिव मार्ग तेलीवाड़ा तथा प्रदीप साहू पुत्र शंकर साहू निवासी छतरीवालाल चौक के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया मेरे पुत्र राहुल के साथ आरोपियों ने सोपस्टोन का कारोबार शुरू किया था। कुछ समय बाद उसे अलग कर हिस्सा देने की बात कही थी लेकिन आरोपियों ने हिस्सा राशी नहीं लौटाई। इस संबंध में बातचीत होने पर चैक दिया। जो बैंक में प्रस्तुत करने पर अनादरित हो गया। इस दौरान घर आए आरोपियों ने चैक चोरी कर बैंक में प्रस्तुत कर अनादरित करवा पुत्र राहुल के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

वारंटी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)।टीडी थाना पुलिस ने शराब तस्करी मामले में एक से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार21अप्रेल 2023को उदयपुर से अहमदाबाद जाते समय नाकाबंदी के दौरान चालक नाकाबंदी तोड कर कार लेकर भाग रहा था। जिसका पिछा करने पर टीडी की नाल यु टर्न हाइवे बोरी कुआ से नाल फला में कार खड़ी कर फरार हो गया। इस पर पुलिस दल ने तलाश कर अवैध 40 कर्टन शराब व कार जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गजेन्द्र सिंह राव के सुपरविजन में घासा थानाधिकारी फैलीराम के नेतृत्व में गठित दल ने भरत उर्फ भूरालाल उर्फ लंगडा पुत्र उदा निवासी रख्यावल घासा को प्रान्तीज जेल गुजरात से गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ की जा रही है।

राष्ट्रीय लोक अदालत 13 को

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री ज्ञान प्रकाश गुप्ता के निर्देशन में 13 जुलाइ को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्राधिकरण सचिव एडीजे कुलदीप शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के संबंध में निरंतर बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रैलियां निकालकर आमजन को जागरूक किया जा रहा है। वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एवं अन्य माध्यमों से न्यायिक अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली जा रही है। इसी क्रम में बार एसोसिएशन मावली एवं वल्लभनगर के अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में अधिकाधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों को लोक अदालत में रखने एवं उनका निस्तारण किए जाने हेतु चर्चा की। एडीजे शर्मा ने आमजन से अपील की है कि यदि को व्यक्ति न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरण को निस्तारित करवाना चाहता है तो वह संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर निवेदन कर सकता है। इस दौरान एडीजे शर्मा ने उपकारागृह मावली का भी निरीक्षण किया और वहां बंदियों की दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्र राठौड़ के सुपरविजन में कोटडा थानाधिकारी अशोक कुमर सिंह चम्पावत के नेतृत्व में गठित दल ने तलाशी अभियान के दौरान कोटड़ा से कोटड़ा गडी जाने वाले मार्ग पर निचली सुबरी थाना कोटड़ा निवासी मोतालाल उर्फ मीठालाल पुत्र अन्ना बुम्बडीया को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 15 कर्टन अवैध शराब जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

टीएडी मंत्री आज झाड़ोल दौरे पर

उदयपुर, (कासं)। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के मंत्री बाबूलाल खराड़ी शुक्रवारको विधानसभा झाड़ोल के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार टीएडी मंत्री खराड़ी गुरुवार शाम 6.10 बजे उदयपुर पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम कोटड़ा स्थित निज आवास में करेंगे।

जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा की तैयारियां जोरों पर

उदयपुर, (कासं)। रथ यात्रा समिति उदयपुर द्वारा 7 जुलाई को जगदीश चौक से निकलने वाली भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा की तैयारियां जोरों पर चल रही है। रथ यात्रा मार्ग में पताकाए लगाई जा रही है वहीं भक्तगण अपने घरों पर ध्वजा पताकाए लगाने को उत्साहित है।

समिति के प्रवक्ता राजेंद्र सेन ने बताया कि 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा को लेकर जहां रथ यात्रा समिति के संयोजक दिनेश मकवाना, पदाधिकारी एवं सदस्य जनसंपर्क एवं मार्ग की व्यवस्थाओं में लगे हुए हैं एवही रथ समिति के अध्यक्ष राजेंद्र श्रीमाली एसंरक्षक घनश्याम चावला एवम समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य रथ को मूल स्वरूप देने में लगे हुए हैं। मंदिर परिसर में पुजारी परिषद के हेमेंद्र पुजारी,जगदीश पुजारी, आदि मंदिर परिसर में निकलने वाली प्रभु जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा की व्यवस्थाओं में लगे हुए हैं, रथ यात्रा के दिन प्रभु जगन्नाथ स्वामी को किस तरह के वस्त्र धारण करवाए जाएंगे,श्रृंगार होगा आदि की तैयारीया की जा रही है। रथ यात्रा समिति के अध्यक्ष दिनेश मकवाना की ओर से रथ यात्रा में शामिल होने वाले भक्तों के लिए निर्देश भी जारी किए गए हैं जिसके तहत यात्रा में शामिल होने वालो भक्तो को सलाह दी गई है कि रथ यात्रा में शामिल होने वाले सभी भक्त पारंपरिक वेशभूषा में आने का कष्ट करें।रथ यात्रा के मार्ग में स्वागत द्वार न लगाए। स्वागत में पटाखे नहीं छोडे। रथ यात्रा के दिन रथ यात्रा के मार्ग में जो भी झरझर मकान हो उनकी छतो पर नहीं बैठे। रथ यात्रा में आने वाले भक्त पुरुष हो या महिलाएं सोने के कीमती जेवर एचैन एब्रेसलेट आदि पहन कर न आए। रथ यात्रा के दौरान अपने घरों को सुना नहीं छोडे। रथ यात्रा में शामिल झांकियां रंग निवास स्थान पर निर्धारित समय पर पहुंचे।रथ यात्रा में या मार्ग में भगवान के भजन ही डीजे पर बजाएं जाएं।रथ यात्रा के मार्ग में अल्पाहार की स्टालों पर प्लास्टिक का उपयोग न करें एवं स्टाल के पास डस्टबिन अवश्य रखें। रथ यात्रा के दिन रविवार होने पर सभी दुकानदारों से निवेदन है कि वह अपनी दुकान रथ यात्रा आने तक खुली रखें। रथ यात्रा को लेकर जहां भक्तजन उत्साहित हैं वहीं प्रशासन सभी तरह की व्यवस्थाओं को मूर्त रूप देने में लगा हुआ है।

आशान्वित चयनित ब्लॉक खेरवाड़ा में संपूर्णता अभियान का आगाज

उदयपुर, (कासं)। सामाजिक एवं आर्थिक संकेतकों में सुधार के लिए चयनित देश भर के 112 आशान्वित जिलों एवं 500 आशान्वित ब्लाक में गुरूवार से संपूर्णता अभियान की शुरूआत हुइ। इसके साथ ही उदयपुर जिले में चयनित आशान्वित ब्लॉक खेरवाड़ा में भी अभियान का आगाज हुआ। इसके साथ ही खेरवाड़ा में सामाजिक एवं आर्थिक उन्नयन की नइ कहानी का शुभारंभ हुआ।

> ■ युवाओं को शिक्षा का महत्व बताते हुए आपराधिक गतिविधियों और नशे से दूर रहने की नसीहत दी

संपूर्णता अभियान का ब्लॉक स्तरीय उद्घाटन समारोह पंचायत समिति खेरवाड़ा में हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नानालाल अहारी रहे। अध्यक्षता जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी कीर्ति राठौड़ ने की। नीति आयोग के हर्षवर्द्धन रेडी, एसडीएम जवाहर चौधरी, प्रधान पुष्पा मीणा, नगरपालिका अध्यक्ष लक्ष्मीदेवी, जिला आयोजना अधिकारी पुनीत शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि अहारी ने अभियान को खेरवाड़ा ब्लॉक में आर्थिक और सामाजिक उन्नयन की नई कहानी की शुरूआत बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य हर क्षेत्र को आगे बढ़ाते हुए विकसित भारत का संकल्प साकार करना है।

उन्होंने अभियान से जुड़े सभी विभागों को शत प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने युवाओं को शिक्षा का महत्व बताते हुए अच्छी से अच्छी शिक्षा प्राप्त करने तथा आपराधिक गतिविधियों और नशे से दूर रहने की नसीहत दी। समारोह को सी ओ श्रीमती राठौड़ ने संपूर्णता अभियान की शपथ दिलाई। साथ ही पंचायत समिति परिसर में पौधरोपण कर वृक्षारोपण अभियान का भी आगाज किया। प्रारंभ में विकास अधिकारी शंकरलाल मेघवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। नीति आयोग फेलो अपूर्वा ने कहा कि 40 संकेतकों में सुधार के लिए 4 जुलाइ से 30 सितम्बर तक चलाए जाने वाले संपूर्णता अभियान के तहत स्वास्थ्य पोषण, कृषि, शिक्षा एवं सामाजिक विकास सम्मिलित है। अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को समय पर प्रसव पूर्व देखभाल मिलना, गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण प्राप्त होना, सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करना, हर व्यक्ति की मधुमेह और उच्च रक्तचाप की नियमित जांच होना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण तथा स्व-सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड्स सुनिश्चित कराना लक्ष्य है।

अभियान के दौरान सम्पूर्णता अभियान उत्सव मनाया जाएगा। सम्पूर्णता अभियान यात्रा का आयोजन होगा। विशेष ग्रामसभा, प्रभात फेरी, सम्पूर्णता अभियान मेला, ज्योति (मेराथन दौड़) तथा सम्पूर्णता अभियान सर्वत्र के तहत समस्त विद्यालयों, महा विद्यालयों व स्वास्थ्य केन्द्र पर कार्यक्रम होंगे।

कार्यक्रम में ब्लॉक शिक्षाधिकारी यशवंत डामोर, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रागिनी अग्रवाल, राजीविका के डीपीएम बृजमोहन गुप्ता, बीसीएमओ डॉ अरूणकुमार, क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य, पंचातय समिति सदस्य, सरपंच गण, ग्राम विकास अधिकारी, पूर्व प्रधान अमृत डामोर, विमल कोठारी, पारस ज